डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लि.
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited
A Govt. of India (Ministry of Railways) Enterprise

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

**No. 2023/HQ/Admin/RTI-772** **New Delhi: 05.09.2023**

श्री पातीराम
पुत्र श्री गिरधारी लाल
निवासी-संत रविदास नगर
क़स्बा-दिबियापुर, औरैया-206244
मोबाइल-9927657103

**विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना उपलब्ध कराना।**

संदर्भ: आपका आरटीआई आवेदन दिनांक 22.08.2023 जो इस कार्यालय में दिनांक 29.08.2023 को प्राप्त हुआ।

---

उपरोक्त आवेदन के सन्दर्भ में, संबंधित कार्यालय से प्राप्त सूचना संलग्न है।

आशा है उपरोक्त जानकारी पूर्ण और संतोषजनक है। यदि नहीं, तो आप अपीलीय प्राधिकारी को पत्र की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर अपील कर सकते हैं, जिसका नाम और पता इस प्रकार है;

**श्री गौरव शर्मा**
**महाप्रबंधक / प्रशासन, DFCCIL,**
**चतुर्थ मंजिल, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन बिल्डिंग,**
**प्रगति मैदान, नई दिल्ली -110001**

**संलग्न: 03 पृष्ठ**

सु.शा.
(एस. के. पण्डा)
**संयुक्त महाप्रबंधक /प्रशा. (ज. सू. अ.)**
**9717636811**

पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालयपांचवा तल :, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन बिल्डिंग कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली 110001 -
Regd. & Corporate Office: 5th Floor, Supreme Court Metro Station Building Complex, New Delhi-110001
Tel: 91 - 11+23454700, Fax No. 91-11-23454701 Web :www.dfccil.com, CIN :U60232DL2006GOI155068

डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर कारपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड
(रेल मंत्रालय का उपक्रम)
DEDICATED FREIGHT CORRIDOR CORPORATION OF INDIA LIMITED
(AN UNDERTAKING OF MINISTRY OF RAILWAYS)
डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

TDL/EN/RTI/212 (A)

दिनांक:- 04.09.2023

**संयुक्त महाप्रबन्धक/प्रशासन/ज0सू0अ0**

**डी0 एफ0 सी0 सी0 आई0 एल0**

**नई दिल्ली,**

**विषय:-** सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत श्री पाती राम पुत्र गिरधारी लाल, निवासी- सन्त रविदास नगर, पोस्ट- दिबियापुर, जनपद- औरैया के द्वारा मांगी गयी जानकारी के सम्बन्ध में ।

**सन्दर्भ:-**
I. मुख्यालय द्वारा प्राप्त RTI संख्या- 772 दिनांक 01.09.2023.
II. उप परियोजना प्रबन्धक/सिविल/न्यू भाउपुर के पत्र संख्या CNB/EN/LA/Arb./Y-23/M-09 दिनांक 01.09.2023.

उपरोक्त सन्दर्भित RTI पत्र मुख्य महाप्रबन्धक/टूंडला कार्यालय में ई-मेल के माध्यम से प्राप्त हुआ है जिसके सम्बन्ध में उप परियोजना प्रबन्धक/सिविल/न्यू भाउपुर द्वारा प्रदान की गयी जानकारी इस पत्र के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतु संलग्न की जा रही है ।

4.09.23

**(विक्रम वलेचा)**

**कनिष्ठ परियोजना प्रबन्धक/मानव संसाधन/APIO/टूंडला**

**संलग्नक:-** उपरोक्तानुसार ।

**प्रतिलिपि:-**

1. महाप्रबन्धक/समन्वय/टूंडला को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित ।

*CGM's Tundla Office-DFCCIL Office Complex, New Tundla Station/EDFC, Village- Bhakti Ghari, Tehsil-Tundla, District-Firozabad, Uttar Pradesh, Pin-283204*

*E mail- cgmtundla@dfcc.co.in,*
*Website www.dfccil.gov.in*

आवाद्रशन भुगतान पत्रावली

डेडीकेटेडफ्रेटकॉरीडोरकारपोरेशनऑफइण्डियालिमिटेड
(रेल मंत्रालय का उपक्रम)
DEDICATED FREIGHT CORRIDOR CORPORATION OF INDIA LIMITED
(AN UNDERTAKING OF MINISTRY OF RAILWAYS)

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

No.- CNB/EN/LA/Arb. /Y-23/M-09/

Date:- 01.09.2023

सेवा में

महा प्रबन्धक / सिविल
डी0एफ0सी0सी0आई0एल0
टुण्डला।

विषयः-- श्रीमान पातीराम पुत्र गिरधारी लाल निवासी ग्राम-सन्त रविदास नगर पोस्ट- दिबियापुर जनपद-- औरैया द्वारा प्रस्तुत RTI -772 दिनांक 29.08.2023 **(ई-मेल द्वारा प्राप्त)** के निस्तारण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः-

1. मा0 न्यायालय आर्बीट्रेटर / आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर द्वारा पारित आदेशा दिनांक 29.08.2023.
2. प्रार्थी द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 06.06.2022.
3. सक्षम प्राधिकारी / अपर जिलाधिकारी कानपुर का पत्र दिनांक 13.10.2022.(गणना शीट)
4. इस कार्यालय का पत्र सं0 CNB/EN/LOT-101/Y-22/m-10/588 दिनांक 19.10.2022.
5. विधिक सलाहकार श्री कृपा शंकर टंडन का पत्र दिनांक 12.11.2022.
6. इस कार्यालय का नोट दिनांक 17.11.2022.
7. इस कार्यालय का नोट दिनांक 18.03.2023
8. इस कार्यालय का पत्र सं0 CNB/EN/LA/AU/Arb./Y-23/M-04/92 दिनांक 10.04.2023
9. श्रीमान तहसीलदार / बिधूना का पत्र सं0522 / रा0लि0-जांच / 2023 दिनांक 26.05.2023

उपरोक्त विषय का अवलोकन करने का कष्ट करे जिसमें डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉरपोरेशन आफॅ इण्डिया लि0 (रेल मंत्रालय) भारत सरकार की विशेष पूर्वी मालभाडा परियोजना के अंर्तगत ग्राम-विझाई तहसील-बिधूना, जनपद-औरैया में प्रभावित भू-स्वामि श्रीमान पातीराम पुत्र गिरधारी लाल द्वारा मा0 न्यायालय आर्बीट्रेटर/आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर के समक्ष दायर वाद सं0 185 / 2017, 187 / 2017, 188 / 2017, 190 / 2017 में पारित आदेशो के अनुपालन में पुनरक्षित प्रतिकर का भुगतान किया जाना है।

उक्त कम में पुनरक्षित प्रतिकर के भुगतान हेतु पत्रावलियो को **महा प्रबन्धक / समन्वय के आदेशानुसार e-Office के माध्यम से प्रेषित कि गई थी। जिसके कम में दिनांक 29.08.2023 को महा प्रबन्धक / समन्वय के कार्यालय में आहूत बैढक मे** पूर्व में भूमि प्रतिकर के भुगतान हेतु जारी प्रपत्रो को पत्रावली के साथ सुलग्न कर प्रेषित करने हेतु निर्देषित किया गया, जिससे पूर्व में दिये गये प्रतिकर भुगतान की जांच कर पुनरक्षित प्रतिकर का भुगतान किया जा सके।

उक्त RTI -772 दिनांक 29.08.2023 के निरतारण के सम्बन्ध में बिन्दुवार विवरण निम्न प्रकार है,

1. बिन्दु सं0-1 के कम मे आपको अवगत करांना है कि उपरोक्त वाद सं0 185 / 2017, 187 / 2017, 188 / 2017, 190 / 2017 के कम में मा0 न्यायालय आर्बीट्रेटर / आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर द्वारा दिनांक 27.09.2018 को मध्यस्ता का आदेशा पारित किया गया था। जिसके कम में प्रार्थी

डेडीकेटेडफ्रेटकॉरीडोरकारपोरेशनऑफइण्डियालिमिटेड
(रेल मंत्रालय का उपक्रम)
DEDICATED FREIGHT CORRIDOR CORPORATION OF INDIA LIMITED
(AN UNDERTAKING OF MINISTRY OF RAILWAYS)

द्वारा दिनांक 06.06.2022 को प्रार्थना पत्र सक्षम प्राधिकारी / अपर जिलाधिकारी कानपुर के समक्ष प्रस्तुत कर उक्त आदेश के अन्तर्गत पुनरक्षित प्रतिकर के भुगतान की माग की गई थी। जिसके कम में सक्षम प्राधिकारी / अपर जिलाधिकारी कानपुर द्वारा दिनांक 13.10.2022 को पुनरक्षित प्रतिकर की गणना कर पत्रावली डी0एफ0सी0सी0 कार्यालय कानपुर में प्रस्तुत की गई। जिसके उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा मा0 न्यायालय आर्बीट्रेटर/आयुक्त कानपुर मण्डल कानपुर द्वारा पारित मध्यस्ता का आदेशा के कम मे विधिक सलाह उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 19.10.2022 को सूचित किया गया था। जिस पर विधिक सलाहकार श्री कृपा शंकर टंडन द्वारा दिनांक 12.11.2022 को पत्र प्रेषित कर विधिक सलाह उपलब्ध करायी। जिसके उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा सक्षम प्राधिकारी / अपर जिलाधिकारी कानपुर द्वारा दिनांक 13.10.2022 को उपलब्ध कराई गयी पुनरक्षित प्रतिकर की गणना शीट की धनराशि की स्वीकृती हेतु दिनांक 17.11.2022 को पत्रावली आपके कार्यालय में प्रेषित की गई, जिस पर दिनांक 31.12.2022 को स्वीकृती प्रदान की गई। स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा पुनः दिनांक 18.03.2023 को पत्रावली में फार्म–11 को तैयार कर भुगतान कि स्वीकृती हेतु प्रेषित किया गया। जिस पर दिनांक 03.04.2023 को महा प्रबन्धक/समन्वय द्वारा स्वीकृती प्रदान करने के उपरान्त भुगतान हेतु सी0सी0फार्म को तैयार कर सत्यापन हेतु दिनांक 10.04.2023 को तहसीलदार/बिधूना के कार्यालय मे प्रषित किये गये थें। जिसके कम में श्रीमान तहसीलदार/बिधूना के कार्यालय द्वारा दिनांक 26.05.2023 को सी0सी0फार्म को सत्यापित कर प्रस्तुत किया गया है।

2. बिन्दु सं0–2 के कम मे आपको अवगत कराना है कि 10 प्रतिशत सुखाधिकर एवं अन्य प्रतिकर के समबन्ध मे सक्षम प्राधिकारी / अपर जिलाधिकारी कानपुर द्वारा दिनांक 13.10.2022 को पुनरक्षित प्रतिकर की गणना कर पत्रावली डी0एफ0सी0सी0 कार्यालय कानपुर में प्रस्तुत की गई। जिसके अनुसार ही पुनरक्षित प्रतिकर का निर्धारण किया गया है।
3. बिन्दु सं0–3 के कम मे प्रति उत्तर बिन्दु सं0–1 मे दिया जा चुका है।
4. बिन्दु सं0–4 के के कम मे आपको अवगत कराना है कि पुनरक्षित प्रतिकर के अतिरिक्त भविष्य में कोई पुर्नवास सहायता राशि देय नही है।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

उप परियोजना प्रबंधक
डी0एफ0सी0सी0आई0एल0
न्यू भाऊपुर।
01-09-2023

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
1. महाप्रबंधक/ समन्वय/, डी0एफ0सी0सी0आई0एल0,टुण्डला ।
2. महाप्रबंधक, डी0एफ0सी0सी0आई0एल0,टुण्डला ।
3. सक्षम प्राधिकारी/अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) कानपुर नगर।
4. उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/ईजी/टुण्डला।
5. परियोजना प्रबंधक/ईजी/टुण्डला।

Office Of Dy. Project Manager:-New Bhaupur Jn. (Near Maitha Railway Station) Village-Aliyapur, Post-Maitha, District-Kanpur Dehat- Pincode-209307